प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

27.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

प्रधानमंत्री

प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को अपनी विरासत पर गर्व है और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन के युग की शुरुआत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी संख्या न केवल एक रिकॉर्ड है बल्कि इसने भारतीय संस्कृति और विरासत को कई सदियों तक समृद्ध बनाए रखने के लिए एक मजबूत नींव रखी है। महाकुंभ के सफल समापन पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने लोगों की कड़ी मेहनत, प्रयास और दृढ़ संकल्प के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दौरान 140 करोड़ नागरिकों की आस्था एक साथ इस पर्व पर केंद्रित रही, जोकि अभिभूत करने वाला पल है।

मंडी–शिवरात्रि

मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज भव्य शोभा यात्रा के साथ आधिकारिक रूप से शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कल मण्डी में लघु जलेब और शिव की बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता ....

उधर, कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में 5 दिवसीय राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव कल से शुरू हो गया है। इस दौरान इंदिरा गांधी मैदान में शोभा यात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। उन्होंने लोगों को शिवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएं दीं और झंडा फैहराने की रस्म अदा की।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। वे आज कांगड़ा जिले के नागरिक अस्पताल ज्वाली में अल्ट्रासाउंड मशीन के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के अस्पतालों में करोड़ों रूपए खर्च कर पुरानी मशीनों को बदल रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि ज्वाली अस्पताल में इस मशीन के स्थापित होने से स्थानीय लोगों को सटीक और त्वरित चिकित्सा जांच की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने अस्पताल में अन्य स्वास्थ्य सेवाओं

की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकारी अस्पतालों को और भी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

<u>रजनी पाटिल</u>

प्रदेश कांग्रेस की नवनियुक्त प्रभारी रजनी पाटिल कल 28 फरवरी को शिमला में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान वे सरकार और संगठन से जुडे काम काज की जानकारी लेंगी। कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद ये उनका हिमाचल का पहला दौरा है। इस दौरान वे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्रिमंडल सदस्यों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। रजनी पाटिल पार्टी के सभी नेताओं से जानकारी लेने के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर उसे पार्टी हाईकमान को सौंपेगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी की रिपोर्ट के आधार ही पीसीसी की नई कार्यकारिणी के गठन की जल्द संभावना जताई जा रही है।

<u>मौसम</u>

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते जनजातीय ज़िलों सहित राज्य की ऊंची चोटियों पर बीती रात से रूक–रूक हल्का हिमपात हो रहा है जबकि राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में वर्षा का क्रम रूक रूक कर जारी है। मौसम में बदलाव के चलते लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिले की कई ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। हिमाचल के ऊपरी इलाकों में ऑरेंज अलर्ट के बीच बुधवार को भारी बर्फबारी–बारिश से अटल टनल सहित दो राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 211 सड़कों पर यातायात बंद रहा। लाहौल में एक फीट तक बर्फबारी से जिले के 90 फीसदी गांवों में बिजली ठप्प है।